# कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश

(कक्ष—स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स म.प्र.)

**E-mail—pccfwl@mp.gov.in**

## स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स इकाई इंदौर की बड़ी कार्रवाई: संगठित वन्यजीव तस्कर (Bird Trade) गिरोह का 8वाँ आरोपी चढ़ा हत्थे

प्रेस विज्ञप्ती (**44/26,** दिनांक **20.07.2026)**

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) मध्य प्रदेश की इंदौर इकाई को वन्यजीव तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। विगत 3 वर्षों से फरार चल रहे वन्यजीव अपराध के 8वें आरोपी आशीष पिता विनोद (निवासी- अहमदाबाद, गुजरात) को 19 जुलाई 2026 को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है।

मई 2023 में इंदौर एसटीएसएफ द्वारा वन्यजीवों के अवैध व्यापार और तस्करी में लिप्त एक बड़े संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। इस कार्रवाई के दौरान वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की अनुसूची-II के तहत संरक्षित 35 नग 'पलम-हेडेड पैराकीट' (Plum-headed Parakeet) और 16 नग 'रोज-रिंग्ड पैराकीट' (Rose-ringed Parakeet) जब्त किए गए थे। इस प्रकरण में 20 मई 2023 को वन अपराध क्रमांक 237/06 दिनांक 20.05.2023 दर्ज कर पूर्व में 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था।

***वर्तमान में गिरफ्तार किए गए आरोपियों का विवरण:***

1- सुरेश उर्फ बबलू पिता रामस्वरूप मोगिया (जिला विदिशा, म.प्र.)
2- दिनेश पिता धनीराम (जिला विदिशा, म.प्र.)
3- सत्यनारायण पिता दयाराम मोगिया ( जिला विदिशा, म.प्र.)
4- फिरोज खान पिता नूर मोहम्मद ( इन्दौर, म.प्र.)
5- वसीम कुरैशी पिता गुलाम मोहम्मद (इन्दौर, म.प्र.)
6- यासीन अली पिता इफ्तेखार अली (जहांगीराबाद, भोपाल, म.प्र.)
7- राशिद उर्फ सरवर खान पिता अब्दुल हमीद (भोपाल, म.प्र.)
8- आशीष पिता विनोद निवासी (अहमदाबाद, गुजरात)

प्रकरण के शेष फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए एसटीएसएफ लगातार सक्रिय थी और मुखबिर तंत्र को मजबूत किया गया था। 19 जुलाई 2026 को मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 8वें आरोपी आशीष को अहमदाबाद, गुजरात से दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद की गई पूछताछ में आरोपी आशीष ने स्वीकार किया है कि वे मध्य प्रदेश से इन वन्यजीवों (तोतों) को अवैध रूप से गुजरात ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचते थे।

एसटीएसएफ द्वारा आरोपी आशीष को विशेष न्यायालय, इंदौर के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से माननीय न्यायालय के अनुमति उपरांत फॉरेस्ट रिमांड पर लेकर आरोपी से पूछताछ जारी है। प्रकरण विवेचना जारी है।

अधिकृत अधिकारी
कार्या0 प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव)
(कक्ष- एसटीएसएफ)
मध्यप्रदेश, भोपाल